केन्द्रीय विद्यालय बुलन्दशहर

KENDRIYA VIDYALAYA BULANDSHAHR

KENDRIYA VIDYALAYA BULANDSHAHR

BULANDSHAHR
1 Dec 2017
बुलन्दशहर

केन्द्रीय विद्यालय बुलन्दशहर
15 दिसम्बर, 2017
DECEMBER, 2017

KENDRIYA VIDYALAYA

BULANDSHAHR

VIDYALAYA PATRIKA 2017-18

Editorial Board

PATRON : Mr. Satya Pal Singh, Principal

ADVISOR : Mrs. Pramila Singh, Vice- Principal (I Shift)

: Mr. S.N. Sharma, Vice-Principal (II Shift)

Mr. Amarchand, H.M. (I Shift)

CHIEF EDITOR : Mr. Naresh Kumar, PGT-English (I Shift)

EDITORS

(HINDI) : 1. Mrs. Sarita Singh, PGT- Hindi (I Shift)

2. Mr. J. P. Singh, TGT-Hindi (I Shift)

2. Ms. Indu Kumavat, TGT- Hindi (II Shift)

(SANSKRIT) : Mrs. Shobha Vyas, TGT- Sanskrit (I Shift)

(ENGLISH) : 1. Mrs. Abha Gupta, TGT-English (I Shift)

2. Mrs. Neha Yadav, TGT-English, (II Shift)

CO- EDITOR : Mrs. Anubhuti Sharma, PRT

COVER PAGE : Mast. Abdul Qadir, IX A (I Shift)

Under the guidance of

Mrs. Lalita Tomar, TGT-AE (I Shift)

E-Version prepared by: 1. Mrs. Preeti Dixit, Computer Instructor (Shift-1)

2. Mr. Ankush Gupta, Computer Instructor (Shift-1)

3. Ms. Geeta, PGT-CS

संतोष कुमार मल्ल, भा.प्र.से.
आयुक्त
Santosh Kumar Mall, I.A.S.
Commissioner

केन्द्रीय विद्यालय संगठन
KENDRIYA VIDYALAYA SANGATHAN
18, संस्थागत क्षेत्र, शहीद जीत सिंह मार्ग, नई दिल्ली–110016
दूरभाष : 91–11–26512579, फैक्स : 91–11–26852680
18, Institutional Area, Shaheed Jeet Singh Marg, New Delhi-110016 (India)
Tel. : 91-11-26512579, Fax : 91-11-26852680
E-mail : kvs.commissioner@gmail.com, Website : www.kvsangathan.nic.in

529

फ॰ 1-1/2018-केविस/का॰ स॰ /आयुक्त

संदेश

यह जानकार अत्यंत प्रसन्नता हो रही है कि केन्द्रीय विद्यालय, बुलन्दशहर अपनी वार्षिक पत्रिका का प्रकाशन करने जा रहा है। विद्यालय पत्रिका के साथ जुड़ना एवं उसमें रचना प्रकाशित होना, सचमुच एक अदभुत अनुभव होता है। मैं आशा करता हूँ कि पत्रिका में विविधता के साथ मौलिकता पर भी बल दिया जाएगा ताकि एक ऐसा प्रकाशन तैयार हो, जिससे पाठकों को सुरुचिपूर्ण सामग्री प्राप्त हो सके।

आशा है कि संपादक मंडल द्वारा प्रकाशन से जुड़े विभिन्न पहलुओं जैसे- शोध, सामग्री चयन व डिजाइन आदि पर विशेष ध्यान दिया जाएगा और अंततः पाठकों के हाथ में एक रचनात्मक एवं त्रुटिहीन पत्रिका होगी। इस प्रकाशन को ई-पत्रिका के रूप में वर्षवार विद्यालय की वेबसाइट पर भी पाठकों के लिए उपलब्ध कराया जाए, इससे न केवल पत्रिका का ई-संकलन होगा, बल्कि यह वर्षों बाद भी सबके लिए उपलब्ध हो सकेगी।

पत्रिका के प्रकाशन से संबन्धित छात्रों, शिक्षकों एवं प्राचार्य को हार्दिक शुभकामनाएं।

संतोष 2018

(संतोष कुमार मल्ल)
आयुक्त

प्राचार्य
केन्द्रीय विद्यालय
बुलन्दशहर
उत्तर प्रदेश -203001

529

केन्द्रीय विद्यालय संगठन
KENDRIYA VIDYALAYA SANGATHAN
18, संस्थागत क्षेत्र / 18, Institutional Area,
शहीद जीत सिंह मार्ग / Shaheed Jeet Singh Marg,
नई दिल्ली–110016 / New Delhi-110016
दूरभाष / Tel. : 011-26533749
फैक्स / Fax : 011-26964366
ई–मेल / E-mail : addlcomm.acad@kvsedu.org
kvs.addlcacad@gmail.com
वेबसाइट / Website : www.kvsangathan.nic.in

उदय नारायण खवाड़े
अपर आयुक्त (शैक्षिक)
U. N. Khaware
Addl. Commissioner (Acad.)

एफ.1-10/अपरआयु.शैक्षिक/केविसं/2018

संदेश

मुझे अत्यंत प्रसन्नता है कि केंद्रीय विद्यालय, बुलन्दशहर सत्र 2017-18 हेतु विद्यालय पत्रिका का प्रकाशन करने जा है।

विद्यालय पत्रिका साहित्यिक प्रतिभा और छात्रों के रचनात्मक कौशल को बढ़ाने में एक उत्प्रेरक का कार्य करती है। इसके अलावा, यह घटनाक्रम और विद्यालय की उपलब्धियों के साथ-साथ छात्रों द्वारा रचनात्मक अभिव्यक्ति के लिए भी एक उपयुक्त मंच है। मुझे यह जानकार अत्यंत प्रसन्नता हो रही है कि इसमें शत प्रतिशत छात्रों एवं शिक्षकों के विचार समावेशित किए गए हैं।

यह खुशी की बात है कि केंद्रीय विद्यालय गुणवत्ता की शिक्षा प्रदान कर अपने उदेशयों और उनकी उपलब्धियों की पूर्ति की दिशा में बहुत ही सार्थक कदम उठा रहे हैं। मैं प्राचार्य, शिक्षकों और विद्यालय के छात्रों को विद्यालय के सर्वांगीण विकास के लिए अपने पूरे मन से प्रयास के लिए शुभकामनायें देता हूँ।

(यू.एन. खवाड़े)
अपर आयुक्त (शैक्षिक)

श्री एस. पी. सिंह
प्राचार्य
केन्द्रीय विद्यालय
बुलन्दशहर 203001 (यू.पी.)

केन्द्रीय विद्यालय सगंठन / **KENDRIYA VIDYALAYA SANGATHAN**
क्षेत्रीय कार्यालय, आगरा / **REGIONAL OFFICE, AGRA**
(मानव संसाधन विकास मंत्रालय के अधीन, भारत सरकार)
(Under Ministry of HRD, Govt. of India)
ग्रान्ड परेड रोड, आगरा छावनी / Grand Parade Road, Agra Cantt
आगरा (उ.प्र.) - 282001 / Agra (U.P.) - 282001
☎0562-2225530, 2225588, 2225523
Fax : 0562-2225374
www.kvsroagra.org

फा.स.30350/2017-18/केविस(आ0सं0)/शै0/ दिनांक -27.02.2018

संदेश

यह हर्ष का विषय है कि केन्द्रीय विद्यालय, बुलन्दशहर सत्र 2017-18 के निमित्त अपनी विद्यालय पत्रिका का प्रकाशन करने जा रहा है।

विद्यालय पत्रिका द्वारा विद्यार्थियो की कल्पना को मूर्त रूप प्रदान करने का प्रयास किया जाता है। विद्यालय स्तर, संकुल स्तर, क्षेत्रीय कार्यालय स्तर पर आयोजित प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले विद्यार्थियों की उपलब्धि को इस पत्रिका के माध्यम से प्रकाशित करने का यह एक सराहनीय प्रयास है। पत्रिका, विद्यालय की गतिशीलता का दर्पण होती है।

पत्रिका के सफल प्रकाशन हेतु विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षकगण एवं छात्रों को मैं अपनी हार्दिक शुभकामनाएं प्रकट करता हूँ जिनके अथक प्रयास, सहयोग व दिशा-निर्देशन में पत्रिका का यह वार्षिक अंक प्रकाशित होने जा रहा है।

(वाई. अरुण कुमार)
उपायुक्त

प्रति,
एस. पी. सिँह,
प्राचार्य,
केन्द्रीय विद्यालय,
बुलन्दशहर

डा0 रोशन जैकब
आई०ए०एस०
जिलाधिकारी
बुलन्दशहर

(कार्या0) 05732-280351
(आ0) : 05732-231343
(फैक्स) : 05732-280898
(मोबाइल) : 9454417563
(ई–मेल) : dmbul@nic.in
जिलाधिकारी कार्यालय
बुलन्दशहर–203001 (उ0प्र0)

अ0शा0प0सं0 1193/ST-DM/2018
दिनांक 05/02/2018

संदेश

मुझे यह जानकर अत्यन्त प्रसन्नता हो रही है कि केन्द्रीय विद्यालय बुलन्दशहर अपनी वार्षिक पत्रिका का प्रकाशन करने जा रहा है। छात्र-छात्राओं के व्यक्तित्व के सर्वांगीण विकास में श्रेष्ठ अध्ययन-अध्यापन के साथ-साथ शिक्षणेत्तर गतिविधियों की भी महती भूमिका होती है। विद्यालय पत्रिका का प्रकाशन भी सृजनात्मक गतिविधियों में से एक है। पत्रिका के माध्यम से छात्र-छात्राओं में अंतर्निहित साहित्यिक रचनाधर्मिता की सशक्त अभिव्यक्ति का सुअवसर मिलता है।

मुझे उम्मीद है कि यह पत्रिका छात्र-छात्राओं के साथ-साथ अन्य लोगों के लिए भी समानरूप से शिक्षाप्रद एवं उपयोगी सिद्ध होगी। पत्रिका के सफल प्रकाशन के लिए समस्त विद्यालय परिवार को मेरी हार्दिक शुभकामनाएं!

Rohan

(डॉ० रोशन जैकब)

FROM THE PRINCIPAL'S DESK…



It's really a matter of great pleasure and pride that our Vidyalaya is going to put its Annual Magazine in the hands of the awakened and enlightened readers. It has really proved a marvelous platform for the talented students to give an expression to their feelings and imagination. The budding talents of this Vidyalaya have tried to give wings to their imagination and creativity through this medium which I hope will definitely receive your appreciation, well-wishes and blessings.

I congratulate all the students, their parents, teachers and all the other persons concerned who made untiring efforts to make the dreams for students come true in the form of their ideas being published. This is really a small effort to give vent to the hidden potential of the students and the teachers in the form of articles, poems, facts, drawings etc.

I take this opportunity to extend my compliments to the members of the Editorial Board and the students for their concerted efforts in putting this issue of the school magazine together, which I am sure, will provide an excellent forum to the awakened minds, apart from showcasing their talent.

With Best Wishes

(SATYA PAL SINGH)

PRINCIPAL

उप प्राचार्या की कलम से ...

प्रिय विद्यार्थियों,

हम जीवन को प्रगतिशील शुख समृद्धि से परिपूर्ण चाहते हैं - ज्ञान, कीर्ति चाहते हैं किन्तु ये चीजें तभी मिल पाती हैं जब हम अनुशासन में रहकर निरंतर प्रयास करते रहें। जैसा कि संस्कृत के कवि ने भी कहा है-

“उधम साहस धैर्य बुद्धि: शक्ति पराक्रम:

षड्ते यत्र वर्तन्ते तत्र देव सहायक:

इन गुणों के बिना हम जीवन में सफल नही हों सकते। समय की चुनौती को समझ, बुद्धि, सहस और धैर्य से किया गया परिश्रम कभी व्यर्थ नहीं जाता एक दिन उसका फल अवश्य मिलता है । मानव मन बिना खासकर विद्यर्थी जीवन में तो बिना परिश्रम के सफलता की आशा ही व्यर्थ है । आलस्य जीवन को क्षीण कर देता है सफल होने के लिए हम भाग्य के भरोसे नहीं रह सकते। इसलिए विद्यार्थियों के लिए निरंतर परिश्रम ही सफलता के द्वार की कुंजी है। विद्यार्थियों में अभिव्यक्ति का विकास करने के लिए विद्यालय पत्रिका एक सशक्त माध्यम है।

यदि विद्यार्थी पूरी निष्ठा, ईमानदारी, कर्तव्यपरायण व् अनुशासन में रहते हुए विद्या ग्रहण करें तो निश्चित रूप से अपने लक्ष्य को प्राप्त करेंगे तथा एक आदर्श व् सफल नागरिक बांका देश की सेवा कर पायेंगे।

शुभकामनाओं सहित ।

धन्यवाद ।

श्रीमती प्रमिला सिंह

उप प्राचार्या

(प्रथम पाली)

एस एन शर्मा (उप प्राचार्य)

सन्देश

"सुन्दर है विहग सुमन सुन्दर।

मानव तुम सबसे सुन्दरतम।।"

एक सार्थक प्रयास के बाद विद्यालय पत्रिका आपको समर्पित करते हुए मुझे गौरव और हर्ष का अनुभव हो रहा है विद्यार्थियों का यह प्रयास प्रशंसनीय है।

विद्यार्थी, अध्यापकों एवं अभिवावकों के त्रिकोणीय सम्बन्ध में अभिभावक एक महत्वपूर्ण कड़ी है। "माता शत्रु पिता बैरी येन बालो न पाठित:" उक्ति अभिभावकों की महत्वपूर्ण भूमिका की ओर संकेत करती है। बालक की प्रथम पाठशाला घर ही है जीवन के आरंभिक वर्षो मे माता-पिता बाल - मन की भित्ति पर जिन संस्कारों को उकेरते हैं, उन्ही संस्कारों से विद्यार्थियों का पूरा जीवन संचालित होता है।

चाणक्य का कथन है - "जिनसे हम कभी एक अक्षर भी सीखतें हैं वे भी हमारे लिए गुरु हैं, वन्दनीय हैं"। बच्चे विद्यालय की अमूल्य सम्पदा हैं एवं राष्ट्र की अमूल्य निधि हैं। आपको अभी बहुत आगे बढ़ना है, ऊंचाइयों को छूना है, बुलंदियों तक पहुँचाना है, आपको एक अच्छा इंसान बनाना है।

भौतिकता तथा वैश्वीकरण के इस युग में आज ज्ञान-विज्ञान के क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित हो रहें हैं। मानव सभ्यता अपने परम उत्कर्ष पर है किन्तु आज मानव में स्वार्थपरता , संवेदनशून्यता की भावना पनप रही है जो किसी भी सभ्य समाज के लिए उचित नही है। संवेदनशील एवं मानवीय मूल्यों के अनुरूप आचरण करने में ही मानवता का हित है। विद्यालय परिसर में विद्यार्थियों में प्रेम, दया, सहानुभूति, पर्यावरण प्रेम जैसे मानवीय मूल्यों का विकास किया जाता है। सामूहिक क्रियाओं द्वारा उनमें परहित की भावना विकसित की जाती है। हमारी संस्कृति के अनुरूप 'त्यक्तेन भुंजीता' के मूल मन्त्र को जीवन में अपनाने के लिए सकारात्मक सोच विकसित की जाती है।

अंत में इस पत्रिका के मध्यम से के.वी.एस. के उच्चाधिकारियों एवं विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष एवं सभी सदस्यों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करता हूँ, जिनकी शुभकामनाओं से यह पत्रिका प्रतिफलित हुयी है।

विद्यालय परिसर की ओर से सुधि पाठकों को सुमंगल कामनाएं ।

मुख्याध्यापक की कलम से...

विद्यालय पत्रिका छात्र-छात्राओं की रचनात्मक प्रतिभा को प्रदर्शित करने एवं उसमें निखार लाने का सबसे उपयुक्त एवं प्रभावशाली माध्यम है। बच्चों में रचनात्मक प्रतिभा अंतर्निहित होती है, आवश्यकता इस बात की है कि उन्हें उचित मार्गदर्शन मिले। अपनी मौलिक अभिव्यक्ति के लिए उन्हें पूर्ण स्वतन्त्रता प्रदान करने पर ही वे अपने मन की बात लिखना सीख सकेंगे। विद्यालय पत्रिका के प्रस्तुत अंक मे भी हमारे छात्र एवं छात्राओं ने अपनी स्तरीय रचनाओं के माध्यम से अपनी रचनात्मक प्रतिभा का परिचय देने का प्रयास किया है जोकि सराहनीय है।

मैं पत्रिका के सफल प्रकाशन में सहयोग हेतु केंद्रीय विद्यालय संगठन उच्चाधिकारियों, प्राचार्य महोदय, संपादक मण्डल एवं शिक्षकवृंद के प्रति आभार प्रकट करता हूँ जिनके अथक प्रयासों के परिणामस्वरूप यह प्रयास एक मूर्त रूप ले सका है। मैं आशा करता हूँ कि विद्यालय पत्रिका लेखन के क्षेत्र में एक नए आयाम को हासिल करने तथा विद्यार्थियों में मौलिक रचनाओं के सृजन के प्रति एक नए उत्साह का संचार करने में सफल होगी।

(अमर चन्द)

मुख्याध्यापक

FROM THE EDITOR'S DESK…

Dear Readers,

It's a matter of great pleasure that another issue of school magazine in on release. This magazine provides ample opportunities to the budding artists, poets and essayists of our school besides their academic excellence.

The passion and the quest for creativity come triggered in a child through education and it is that kind of education the faculty members in KV Bulandshahr strive to give our children.

I personally opine that it is our moral duty to shape the personality of this younger generation by providing them a platform where they can perform their different intellectual gimmicks. This is, of course, such an attempt to fulfill their desires.

I, on behalf of the Editorial Board, express my sincere gratitude to our erudite Principal Shri S.P. Singh and learned colleagues but for whose guidance, inspiration and support this magazine for the academic year 2017-18 wouldn't have been accomplished.

NARESH KUMAR

PGT- ENGLISH

10 CGPA Students Class X (1st Shift)

Session – 2016-17

KUSHBU

ROBIN SINGH

KANISHKA

SHREYA GUPTA

GAGAN TOMAR

ANKITA SINGH

KM. CHANCHAL

SHIVANI SHARMA

SHUBIKA CHAUHAN

SOMIA CHAUDHARY

AMAN PARMAR

VIJAY KUMAR

2ND SHIFT

ARBAB ZAHEER

NITIN KUMAR

SHUBHAM CHAUDHARY

VIVEK KUMAR

Class XII Stream wise Toppers 2016-17 (1st Shift)

1. SCIENCE STREAM

ABHISHEK SINGH
I RANK

VISHAKHA SINGH
II RANK

ASHI SHARMA
III RANK

HIMANSHU
III RANK

2. COMMERCE STREAM

AKASH PANWAR
I RANK

KOMAL SINGHAL
II RANK

RAHUL
III RANK

3. HUMANITIES STREAM

NIKITA SINGH
II RANK

NAZIM
II RANK

SHAHREEN ANJUM
III RANK

4. PARTICIPATED IN (SGFI) HANDBALL

NEERAJ KUMAR
CLASS – XII A

ANNUAL-REPORT

Kendriya Vidyalayas have a four-fold mission:

1. To cater to Educational needs of children of transferable central govt.employees including defence and Para military personnel by providing a common pattern of education.
2. To pursue excellence and set the pace in the field of school education.
3. To initiate and promote experimentation and innovations in education in collaboration with other bodies like CBSE & NCERT.
4. To develop a spirit of National Integration and to create a sense of Indianness among the children.

In every area of activity we take care of all well-defined objectives. In academics we have proved our worth time and again, despite the fact that we take in children of average and below average level too. We have always been working hard to ensure all-round development of our children. We feel proud to present the good result, academic achievements, co-curricular activities and the achievements in the field of sports.

There are two shifts in this Vidyalaya and the total no. of students is 2481. We have a dedicated team of teachers and non-teaching staff, who have helped to impart education with a spirit of full devotion.

Academic Achievements: CBSE Board Results of March 2017 Examination have been illustrious. 16 students got 10 on 10 CGPA in class X examination.

Session: 2016-17 (CBSE Board Examination Result)

Sl. No.	Class	Pass Percentage
1.	XII	96.12%
2.	X	100%

Parent Teacher Association: Parent Teacher Meetings were successfully organized after each and every Test/Exam of all classes. These PTM's also helped the students to boost up their self-confidence to achieve learning objectives.

Co-Curricular activities: Kendriya Vidyalaya Bulandshahr focuses on holistic development of the students. Through A wide spectrum of activities along with Inter-House competitions is an integral part of school curriculam. To carry out these activities the students are divided into four houses- Shivaji,Tagore,Ashoka and Raman to facilitate a spirit of healthy competition among them. The children are provided with the opportunity to take part in various activities such as singing, dancing, speech, debate, calligraphy, group song, group dance, poem recitation quiz, drawing/painting etc.

Celebration of Important Days & Weeks: Our Vidyalaya also celebrated days and weeks of national and international importance. Important days such as Earth Day, Sadbhavna Diwas, Teacher's Day, Constitution Day, Education Day, and National Unity Day etc. were celebrated with full zeal and fervour. In addition to these days, Hindi Pakhwada, Vigilance Awareness Week, Paryatan Parv was also celebrated to create awareness among the children.

Scout & Guide Activities: 78 Scouts, 43 Guides, 38 cubs and 58 Bulbuls were registered for the academic year 2017-18. Rajya Purskar Testing Camp was held at KV No.1 Kota in July 2017. 08 Scouts and 04 Guides participated in

Rashtrapati Puraskar Testing Camp, the highest award in the field of B S & G Movement; held at NYC Gadpuri, Haryana in Dec 2017

Social Science Exhibition: Cluster level Social Science Exhibition-cum- Nation Integration Camp was held at KV DL Meerut in September 2017. 27 Project files and models of our children were selected for regional level. Our Partcipants bagged 1st position in Cluster level English Debate and Sanskrit Shloka Recitation competition while 2nd position in English Debate, Hindi Debate, Quiz, Hindi Poem Recitation, Sanskrit Shloka (Junior Group), Hindi Skit and English Elocution competiton.

Regional level Exhibition was held at KV DL Meerut. Chirakshi Raj of XIIA secured 2nd position in English Debate. 15 Project Files & 01 Model have been selected for national level.

Science Exhibition: With a view to promote scientific attitude and creativity, the Vidyalaya organized school-level Science Exhibition in which the students exhibited their projects. 06 students participated in regional level Science Exhibition too.

Sports: With a view to participate in Regional sports events, inter-school sports activities were organized to select teams for various events. In the Regional sports events, our Kabaddi team grabbed 1st position. 04 Gold, 03 Silver & 06 Bronze Medals were received in Judo while in Boxing 01 Silver & 06 Bronze were bagged by the Vidyalaya. 07 students were selected for nationals. Master Neeraj Kumar (XIIA) was selected for SGFI in Handball & the team had been the runner-up.

Rajbhasha Hindi-: Kendriya Vidyalaya Bulandshahr is committed to discharge its constitutional duties and responsibilities to ensure maximum use of Hindi in the school. Our vidyalaya tries to make official correspondence and other work in Hindi. The staff members are also encouraged by the Principal in staff meetings to ensure maximum work in Hindi. Efforts are made to reply all official letters in Hindi. More use of Hindi on school website and in school computers is being ensured. In addition, various activities such as Hindi calligraphy, essay writing,poem recitation, poem composition, story writing, speech etc. were conducted for the children as well staff members during Hindi Pakhwada.

NCC: A junior division and wing (JD/JW) of NCC exists in the Vidyalaya under the aegis of 41UP BN NCC Bulandshahr. Sub unit consists of 50 cadets. 28 cadets have been recruited this year including 10 JW girl cadet and 18 JD boy cadets. Combined Annual Camp was held in our vidyalaya. Around 500 cadets from defferent units participated in this camp. 15 cadets of our Vidyalaya attended the camp and passed out successfully.


Chairman
Joint Chairman
Dy. Chairman
Vice Chairman
Commissioner
Addle. Commissioner (Academics)
Addle. Commissioner (Administration)
Joint Commissioner (Academics)
Joint Commissioner (Training)
Joint Commissioner (Administration)
Joint Commissioner (Finance)
Joint Commissioner (Personnel)
Deputy Commissioner (Academics)
Deputy Commissioner (Academics)
Deputy Commissioner (Administration)
Deputy Commissioner (Admin. & Finance)

KVS FOUNDATION DAY

NATIONAL YOUTH DAY

ANNVESTURE CEREMONY

INTERNATIONAL YOGA DAY

PARIKSHA PAR CHARCHA

MINI SPORTS DAY

31st Annual Day

CHAUDHARY

ANTI TOBACCO CAMPAIGN
NATIONAL TOBACCO CONTROL PROGRAMME

हिन्दी विभाग

सत्र– 2017–18

1 श्रीमती सरिता रानी–पी0जी0टी0 (हिन्दी)

विद्यार्थी संपादक

1 कपिल राठी XI-C

2 अंजली XI-D

सत्र 2017–2018

हिन्दी विभाग : अनुक्रमणिका

क0सं0	शीर्शक	विद्यार्थी का नाम	कक्षा एवं वर्ग
1	सच्चा मित्र (कविता)	महिमा	आठवी 'स'
2	कहानी सुना दो मॉ (कविता)	मोहाली	सातवी 'स'
3	सुबह (कविता)	सुरभि गौतम	सातवी 'अ'
4	पेड़ हमारे साथी (कविता)	गार्गी चौधरी	छठी 'अ'
5	दस मोती ज्ञान के	तनिष्का	छठी 'अ'
6	युद्ध (कविता)	तनिष्का	छठी 'अ'
7	गणतन्त्र दिवस (कविता)	मनू चौधरी	आठवी 'स'
8	मॉ की ममता (कविता)	गर्व कुमार सिंह	आठवी 'अ'
9	ऑखों में क्या है	मोनाली	सातवी 'स'
10	मेरा सपना (कहानी)	देवाश	आठवी 'स'
11	कोयल (कविता)	तुलसी कश्यप	सातवी 'ब'
12	होली (कविता)	मानसी सिंह	सातवी 'ब'
13	असली जिन्दगी	भूमिका	सातवी 'ब'
14	मानव जीवन	कनिका स्वरूप	बारहवी 'ड'
15	आया जाड़ा (कविता)	तनिष्का	छठी 'अ'
16	प्यारा स्कूल (कविता)	पूजा रानी	बारहवी 'ड'
17	पॉच मिनट का समय (कहानी)	अभिषेक मलिक	ग्यारहवी 'स'
18	बाई का जाड़ा (कविता)	चिनमई सिंह	सातवी 'स'
19	समय का महत्व (कविता)	पूजा रानी	बारहवी 'ड'
20	अंधविश्वास (कहानी)	पुलकित शर्मा	सातवी 'अ'
21	कुछ महत्वपूर्ण बातें	अभिषेक मलिक	ग्यारहवी 'स'
22	होली का पैगाम	अविका	छठी 'स'
23	ऐ.पी.जे. अब्दुल कलाम (कविता)	अननया सिंह	छठी 'स'
24	पिता (कविता)	हिमांशी शर्मा	नवी 'स'
25	तितली (कविता)	जसप्रीत कौर	छठी 'ब'
26	मेरी मॉ (कविता)	हिमां"ाी	नवी 'स'
27	मॉ (कविता)	अवि चौधरी	सातवी 'अ'
28	सुविचार	कनिका स्वरूप	बारहवी 'ड'
29	कर भला तो हो भला (कहानी)	परमजीत सिंह	सातवी 'अ'
30	स्वच्छ भारत (कविता)	प्रशांत भाटी	छठी 'स'
31	फौजी की महानता	अभिषेक मलिक	ग्यारहवी 'स'
32	स्वच्छता अभियान	वंशिका चौधरी	सातवी 'ब'
33	पिता (कविता)	सोनम लोहिया	आठवी 'ब'
34	वृक्ष बचाओ (कविता)	सुरभि गौतम	सातवी 'अ'
35	मान लीजिए आप	अभय सिंह	छठी 'ब'
36	मॉ (कविता)	पूजा रानी	बारहवी 'ड'
37	चुटकुले	चिनमई सिंह	सातवी 'स'
38	हसना सीखो (कविता)	हिमांशी शर्मा	नवी 'स'
39	चुटकुले	परमजीत सिंह	सातवी 'अ'
39	अनकहे सच्चे अलफाज	कपिल राठी	ग्यारहवी 'स'
40	आया होली का त्यौहार	जीतेन्द्र शर्मा	छठी 'स'
41	क्रिकेट (प्रश्नावली)	दीपान्शु जादौन	नवी 'ब'
42	नारी (कविता)	तनिष्का	छठी 'अ'
43	ऑखों में क्या है	तनिष्का	छठी 'अ'
44	स्वास्थ्य मंत्र	कपिल राठी	ग्यारहवी 'स'
45	ये बात समझ में आई नहीं	आदित्य जादौन	छठी 'अ'
46	पक्षी (कविता)	विशाल कुमार	आठवी 'अ'
47	क्या आप जानते हैं	जतिन कुमार	छठी 'स'
48	अजीब है न !	वि"ाल कुमार	आठवी 'अ'
49	वक्त (कविता)	साधवी सिंह	छठी 'स'
50	बचपन (कविता)	स्वाति लोहिया	आठवी 'अ'
51	बेटी (कविता)	आदित्य	आठवी 'स'

52	हसना मना है	भूमिका	छठी 'स'
53	पहेलियॉ	सुमित कुमार ध्रुव कुमार	छठी 'स' सातवी 'अ'
54	बताओ तो जानें	प्रीत चौधरी चिनमई सिंह निशान्त सिंह	छठी 'स' सातवी 'स' छठी 'स'
55	क्या आप जानते हैं	दिव्यांशु देव	छठी 'अ'
56	संस्कारः उन्नति के कारक	सरिता रानी स्नातकोत्तर शिक्षक (हिन्दी)	
57	पहेलियॉ	तनिश	IV A
58	प्यारी सुबह	गरिमा रानी	VIII E
59	देश की बेटी–कल्पना	सोनल कुमारी	X E
60	चिराग हूॅ मैं	ग्रियस चौधरी	II C
61	हमारा देश	तनिश	IV A
62	हिन्दू मुस्लिम एक हैं	गौरी राघव	X E
63	माता पिता का महत्व	एंजिल	II A
64	हमारे जांबाज सैनिक	याशिका वर्मा	IX F
65	पिता	अंजलि रानी	VIII E
66	प्रगतिशील हिन्दी	निर्मेश (हिन्दी)	प्र0 स्ना0 शिक्षक
67	पुस्तक	आयुश कुमार	IV A
68	मेहन्त सफलता की कुंजी	विशेष सिंह	IV C
69	मेरा प्यारा केन्द्रीय विद्यालय	साहिल गौड़	V C
70	पढ़ने वालों पढ़ो कहीं भी	श्रतिका चौधरी	IX E
71	पढ़ाई	कशिश	IV B
72	जीवन मूल्यों का महत्व	श्री एस0एन0"र्मा उपप्राचार्य (द्वितीय पाली)	

सरस्वती वंदना

हे हंसवाहिनी ज्ञानदायिनी
अम्ब विमल मति दे। अम्ब विमल मति दे।।
जग सिरमौर बनाएं भारत
वह बल विक्रम दे। वह बल विक्रम दे।।
हे हंसवाहिनी ज्ञानदायिनी
अम्ब विमल मति दे। अम्ब विमल मति दे।।
साहस शील हृदय मे भर दे
जीवन त्याग–तपोमय कर दे
संयम सत्य स्नेह का वर दे
स्वाभिमान भर दे। स्वाभिमान भर दे।।1।।

नाम–स्याली शर्मा
कक्षा– छटी 'स'

सच्चामित्र (कविता)

तैर रही मछली पानी में,
बगुला ऑख गडाए,
दिए टकटकी खड़ा केकड़ा
मेंढक शोर मचाए।

टर्र...........टर्र...........टर्र.............मछली रानी
बाहर न तुम आना
घात लगाए तेरे दुश्मन
अपने प्राण बचाना।

मछली ने सोचा मेढक
नाहक मुझसे जलता है,
उसका रोज कुलाचे भरना
मुझे बहुत ही खलता है।

बाहर की है हवा अनोखी
थोड़ा चलकर देखू?
मैं तो हूॅ पानी की रानी
जरा धूप भी सेकु।

मारी डुबकी जब मछली ने
तट पर झट से आई
ध्यान लगाए उसे किनारे
बगुला पड़ा दिखाई।

इससे पहले वह बच पाती
बगुला टूट पड़ा था।
निगल गया जिंदा मछली
मेंढक **तो** मूक खड़ा था।

नाम– महिमा
कक्षा– अष्टम स

कहानी सुना दो मॉ

मॉ सुना दो वो कहानी,
जिसमें राजा न हो रानी।
जो सभी के ह्रदय की व्यथा हो,
गंध जिसमें न हो अप्सरा की,
बात जिसमें न हो अप्सरा की,
हो न परियॉ जहॉ आसमानी,
मॉ सुना दो न एक कहानी,
वो कहानी जो हॅसना सीखा
जिसमें सच की भरी चांदनी हो,
हो न वो कहानी पुरानी,
मॉ सुना दो ना एक कहानी

नाम – मोनाली
कक्षा – 7 सी

सुबह

सूरज की किरणों का आज बसेरा हो गया,
लो फिर से आज सवेरा हो गया।
बड़ों को प्रणाम करने का सवेरा हो गया,
ओंस की बूंदों से बगीचा सुनहरा हो गया।

फूलों की खुशबू से मेरा भी मन सुगंधित हो गया,
कल तो मन व्यथित था, आज हर्षित हो गया।
चन्द मिनट बैठकर मैं भी देखूॅ बाग में,
उथल – पुथल कल थी स्थिरता है आज में।

नीलागगन, विस्तृत फैला, वायु की सरस राहत है,
कलरव करते पक्षियों की आ रही आवाज है।
लाल, नीली, पीली, गुलाबी उड़ रही हैं तितलियॉ,
मेरे मन को भा रही हैं, सप्तरंगी तितलियॉ।

बह रही समीर ऐसे तरू पे पत्ते हिल रहे,
वायु के धीमें झोके तन को शीतलता दे रहे।
आओ बैठें छॉव में, **दूब** की हरियाली है,
फूलों पर भंवरे है बैठे, गुन–गुन गीत गा रहे।

सूरज की किरणों का आज बसेरा हो गया,
लो फिर से आज सवेरा हो गया।

नाम – सुरभि गौतम
कक्षा – 7 'अ'

पेड़ हमारे साथी

पेड़ हमारे साथी
जीवन की जलती इनसे बाती
सफर की धूप से
इनकी छाया हमें बचाती
पेड़ हमारे साथी
पेड़ अगर ना होते धरती पर
जीवन की कल्पना कोई कैसे करता
जब **सांस** ही ना आती
पेड़ हमारे साथी
जीवन की जलती इनसे बाती
खाना पानी इनसे मिलता
इनसे मिलती है जिन्दगी
कितनी प्यारी कितनी अच्छी
सुगंध हमें इनसे आती
पेड़ हमारे साथी
जीवन की जलती इनसे बाती
हसरत है यही अपनी
स्वच्छ वातावरण बनाऊँ
अपनी धरती पर पेड़ लगाऊँ
अपनी धरती को स्वर्ग से सुन्दर बनाऊँ
देख कर जन जीवन यह दशा
ऑख मेरी भर आती
पेड़ हमारे साथी
जीवन की जलती इनसे बाती
नाम– गार्गी चौधरी
कक्षा– **छठी 'स'**

युद्ध

युद्ध में न जाने जाते हैं,
कितने लोगों के प्राण,
फिर भी देश क्यों करते हैं,
ये युद्ध घमासान ?
चारों तरफ गोलियों की बौछार,
सब का एक – दूसरे पर वार,
कितने खाते इसमें मार,
लोगों में मच जाता हाहाकार।
कितनी स्त्रियां विधवा होतीं,
कितने बच्चे होते अनाथ,
फिर भी देश क्यों करते हैं,
ये युद्ध घमासान ?
क्या युद्ध के बिना कोई हल नहीं,
क्या हिंसा से ही मिलता फल सही,
शांति से भी मिल सकता है,
हर चीज का समाधान,
फिर भी दे"ा क्यों करते हैं,
ये युद्ध घमासान ?

नाम– तनिष्का, छठी 'अ'

दस मोती ज्ञान के

1 जीतने के लिए कोई चीज है तो – प्रेम
2 पीने के लिए कोई चीज है तो – क्रोध
3 खाने के लिए कोई चीज है तो – गम
4 दान के लिए कोई चीज है तो – दान
5 दिखाने के लिए कोई चीज है तो – दया
6 **देने** के लिए कोई चीज है तो – ज्ञान
7 कहने के लिए कोई चीज है तो – सत्य
8 रखने के लिए कोई चीज है तो– इज्जत
9 त्यागने के लिए कोई चीज है तो – ईर्ष्या
10 छोड़ने के लिए कोई चीज है तो – मोह

नम– तनिष्का
कक्षा– छठी 'अ'

गणतंत्र दिवस

विश्व में नाम था नाम रहेगा
भारत का सदा सम्मान रहेगा,
जिन शहीदों ने जान लुटाई,
उनका लबों पर नाम रहेगा,
परचम हमारा प्यारा तिरंगा
दुनियॉ में ऊंचा नि"ाान रहेगा,
फौजी हमारे है वीर सिपाही
देश उनके हाथों महफूज रहेगा,
देवता के तुल्य है किसान यहॉ के
कोई अब न भूखा इंसान रहेगा,
खुशहाली देश की क्या खूब
जवानो ! भारत अब वि"व का
सिरमौर रहेगा,

नाम– मनु चौधरी
कक्षा– आठवीं 'स'

माँ की ममता

माँ की ममता करूणा प्यारी,
जैसे दया की चादर
शक्ति देती नित हम सबको,
बन अमृत की गागर

साथी बन कर साथ निभाती,
चोट न लगने देती
पीड़ा अपने उपर ले लेती,
सदा–सदा सुख देती

माँ का ऑचल सब खुशियों की,
रंगा रंग फुलवारी
इसके चरणों में अनंत है
आनन्द की किलकारी – गुजती है किलकारी

अदभुत **माँ** का रूप सलौना,
बिल्कुल रब के जैसा
प्रेम के सागर सा लहराता
न्यारा अपनापन ऐसा.....

नाम– गर्व कुमार सिंह, आठवीं 'अ'

ऑखों में क्या है ?

- माता की ऑखों में – ममता
- पिता की ऑखों में – फर्ज
- भाई की ऑखों में – प्यार
- बहिन की ऑखों में – स्नेह
- अमीर की ऑखों में – सम्पन्नता
- गरीब की ऑखों में – आशा
- मित्र की ऑखों में – सहयोग
- गुरू की ऑखों में – दया
- शिष्यों की ऑखों में – आदर
- मालिक की ऑखों में – आदेश

नाम – मोनाली
कक्षा–7 सी

मेरा सपना

गर्मियों की बात थी दोपहर को मैं अकेले पंखे के नीचे सोच रहा था कि मैं बड़े होकर एक टीचर बनूंगा। जब मैं सात वर्ष का था क्योंकि मुझे स्कूल जाना पसंद नहीं था तो मैं ये सोचता कि मैं स्कूल की छुटटी कर दूँगा तो फिर मेरे भी मजे और बच्चों के भी मजे होंगे। जब मैने ये अपनी मम्मी को बताया तो उन्होने कहा इस के लिए तुम्हे बहुत पढ़ना पड़ेगा तब मुझे ये सुझाव कुछ अच्छा नहीं लगा तो ये सुझाव मैने छोड़ दिया। जब मैं दस वर्ष का हुआ तो मेरे मन में घर को सम्भालने का सुझाव आया क्योंकि जब मैं घर सम्भालता तो मैं पूरे दिन टी वी देखता और खेलता। जब मैंने ये अपने भी को बताया तो उन्होंने कहा की तुम्हे सबकी सेवा करनी पड़ेगी तब मेरे पैरों तले जमीन खिसक गयी तो मैंने ये सुझाव छोड़ दिया अब मैं चौदह वर्ष का हुआ तो मेरे मन में नेता जी बनने का सुझाव आया तब सब लोग मेरा कहना मानते और आदर सम्मान होता अचानक से पीछे से छड़ी पड़ी और आँखे खुली और पता चला कि मैं कक्षा में सू रहा था , और सपना देख रहा था ।

देवांश, आठवीं 'स'

होली

होली आई, होली आई,
रंग बिरंगी होली आई
धूम मचाती होली आई
घर घर में खुशियाँ लाई
बच्चों की यह टोली आई
हाथ में पिचकारी लाई
रंग गुलाल अबीर उडाती आई
होली आई होली आई
होली का गुलाल हो
रंग की गुलाल हो
रंग की बहार हो
गुंजिया की मिठास हो
एक बात खास हो
सब के दिल में प्यार हो
यही अपना त्योहार हो

नाम- मानसी सिंह
कक्षा- सप्तमी 'ब'

कविता - कोयल

काली-काली कोयल प्यारी
बोली इसकी सबसे प्यारी
कोयल प्यारी-प्यारी है
पक्षियों में न्यारी है
बसंत ऋतु में गाती है
बागिया को सरसाती है
कोयल देती सीख यही
मीठा बोलो यही कही

नाम:- तुलसी कश्यप

असली जिंदगी

दुनिया में कोई चीज अपने आपके लिए नहीं बनी है, जैसे – दरिया खुद अपना पानी नहीं पीता।
पेड़ खुद अपना फल नहीं खाते।
सूरज अपने लिए कभी रोशनी नहीं करता।
फूल अपनी खुशबू अपने लिए नहीं बिखेरते।
मालूम है क्यों ?
क्योंकि दूसरों के लिए जीना ही असली जिंदगी है।
नाम:- भूमिका
कक्षा:- सातवीं 'ब'

मानव जीवन

विधाता ने जब सृष्टि बनाई तब घोड़ा, गधा और कुत्ते को चालीस-चालीस वर्ष की आयु बाँट दी | जब इन सभी को अपनी आयु के वर्ष ज्ञात हुए तो वे सब मिलकर विधाता के पास गए | घोड़े ने कहा ' हे संसार के महाराज क्या में चालीस वर्षों तक दौड़ता रहूँगा ?' कृपया आप मेरी आयु बीस कर कर दें | गधे ने कहा 'महाराज मैं चालीस वर्षों तक बोझ ढोना नहीं चाहता' , कृपया मेरी आयु भी बीस कर दें | कुत्ते ने कहा ' हे ईश्वर , मैं चालीस वर्षों तक रखवाली करता रहूँगा क्या ?, मेरी आयु भी बीस कर दें | मनुष्य ने कहा ' हे जगत-पिता आपने मुझे बीस वर्ष ही दिए हैं जो कि बहुत कम है कृपया मेरी आयु बढ़ा दें|

विधाता ने विचार किया और घोड़े, गधे और कुत्ते से २०-२० वर्ष की आयु लेकर मनुष्य को दे दी|
तब से मनुष्य बीस वर्ष तक अपनी जिंदगी जीता है, अगले बीस वर्ष तक घोड़े की तरह दौड़ता है, फिर वह साठ वर्ष तक परिवार का बोझ ढोता है ओर अस्सी वर्ष तक पारिवार की रखवाली करता है|
नाम:- कनिका स्वरुप
कक्षा:- बारहवीं 'D'

आया जाड़ा

सूट बर्फ का पहने आया,
रौब जमता जाड़ा ,
महल, अटारी, घर आगंन में,
इसने झंडा गाड़ा ।
उड़ा धूप का रूप कंटीला,
दिन-दिन पड़ती जाये पीली,
कल तक थी लपटों की माला,
आज हुई माचिस की तीली ।
बने मेमना सूरज दादा,
जाड़ा शेर दहाड़ा,
महल, अटारी, घर आगंन में,
इसने झंडा गाडा ।

नाम:- तनिष्का , कक्षा:- छटी 'अ'

प्यारा स्कूल

हमारा प्यारा केन्द्रीय विद्यालय,
जिसमें हम सब पढतें हैं
इस स्कूल में पढ़ लिखकर
हम सब आगे बढतें हैं
इस स्कूल की अध्यापिकाएं हमें,
नित नई शिक्षा देती है
ये हमारी प्यारी फुलवाड़ी
हम बच्चे इसके फूल हैं
यह स्कूल है हम सब को प्यारा
हम सब इसके प्यारें हैं
आकर यहाँ हम द्वेष –भाव जाते भूल
हमारा प्यारा स्कूल है , स्कूल है

नाम:- पूजा रानी
कक्षा:- बारहवीं 'D'

पांच मिनट का समय हुआ

एक व्यक्ति को रास्ते में यमराज मिले वह व्यक्ति उन्हें पहचान नहीं सका यमराज ने पीने के लिए पानी माँगा और यमराज ने बताया कि वह यमराज है और उसके प्राण लेने आये हैं फिर भी वह व्यक्ति डरा नहीं और यमराज को पानी पिला दिया यह देख यमराज ने कहा मैं यमराज हूँ 'मैं यमराज हूँ यह जानकार भी तुमने मुझे पानी पिलाया है इसलिए तुम्हे किस्मत बदलने का एक मौका देता हूँ यह कहकर यमराज ने उसे एक डायरी देकर कहा तुम्हारे पास पाच मिनट का समय है इसमें तुम जो भी लिखोगे वो ही होगा ,लकिन ध्यान रहे केवल पाँच मिनट उस व्यक्ति ने डायरी खोली तो पहले पेज पर लिखा था कि उसके पडोसी कि लोटरी निकलने वाली है और वह करोड़पति बनने वाला हैं वहाँ उसने लिख दिया पडोसी कि लोटरी न निकले अगले पेज पर लिखा कि उसका दोस्त चुनाव जित कर मंत्री बनने वाला है उसने लिख दिया कि वह चुनाव हार जाये इसी तरह वह पेज पलटता रहा और अंत मे अपना पेज दिखाई दिया जसै ही वह कुछ लिखने लगा यमराज ने उसके हाथों से डायरी ले ली और कहा वत्स तुम्हारा पांच मिनट का समय पूरा हुआ अब कुछ नहीं हो सकता पूरा समय तुमने दूसरों का बुरा करने में निकाल दिया और अपना जीवन खतरे में दाल दिया अत: तुम्हारा अंत निश्चित है यह सुनकर व्यक्ति बहुत पछताया लेकिन सुनहरा समय निकल चुका था

कहने का अर्थ यह है कि यदि ईश्वर ने हमें कोई शक्ति दी है तो उसका लोगों की मदद करने में उनके बारें में अच्छा सोचने में उपयोग करो न कि बुरा हमेशा सबके साथ अच्छा व्यव्हार करो और एक अधिक महत्वपूर्ण बात हमेशा सब लोगों को खुश करना सीखो किसी को रुलाना नहीं हमेशा खुश रहना सीखो

नाम:- अभिषेक मालिक , बारहवीं 'स्'

बाई का जाड़ा

जन-जीवन अस्त-व्यस्त है बाई काम में मस्त है |
पोंछा बार-बार पानी में डुबाया कसकर निचोड़ा और लगाया |
फर्श आईने स चमकाया क्या जबरदस्त गलंत है|
बाई काम में मस्त है|
बर्तन रगड़ -रगडकर मांजे गिलास शीशे से निखारे|
सूरज का हुआ अंत है बाई काम में मस्त है|
भिगोया ,पीटा, मसला, धोया, झटका और सुखाया|
कपड़ों की किस्मत दुरुस्त है मौसम से तेरी भिडंत है |
बाई काम में मस्त है |
चुभन, पाला, ठिठुरन, ओस, कोहरा, सिहरन|
तेरी तबियत की बात मन गढंत है जीविका का प्रश्न ज्वलंत है|
बाई तू मशीन है या संत है बाई काम में मस्त है |

नाम:- चिनमई सिंह
कक्षा सातवीं 'स्'

समय का महत्व

समय ही जीवन है यह मानो,
समय की कीमत को पहचानों
एक बार यदि यह चला जाये,
गया समय फिर लौट न पाए|
सूर्य चंद्रमा और सितारे,
सदा निकलते समय से सारे
समय से ऋतुएं आती जाती
समय से कोयल गाना गाती|
समय का पालन कर पाओगे,
तब तुम कुछ बन जाओगे|

नाम:- पूजा रानी
कक्षा:- बारहवीं 'D'

अंधविश्वास

बहुत सालों पहले एक गाँव में एक रामनाथ नाम का बाबा आया l वहाँ के लोगों ने उसे बहुत सम्मान दिया l लोग उसके पास उपाय के लिए जाते और वह उपाय देता बदले में उनसे अन्न के दाने या सोना लेता और वह एक पेड़ के नीचे ही बैठा रहता था l एक बार एक शहरी लड़का उस गाँव में गया उसने देखा की इस गाँव के लोग उस बाबा को बहुत सम्मान देते हैं और मन ही मन में कहा कि यह लोग अन्धविश्वास में अच्छी तरह से फंस चुके हैं l एक बार एक औरत अपने बच्चे को लेकर उस बाबा के पास गई क्योंकि उसका बच्चा बहुत बीमार था l बाबा ने एक उपाय दिया कि अपने बच्चे को लेकर पांच बार घूमो 'तुम्हारे बच्चे के ऊपर साया है l' और जैसे ही वो घूमी उसने औरत का पर्स चुरा लिया l शहरी लड़का उस बाबा की जासूसी कर रहा था l औरत ने घर जाकर देखा कि उसका पर्स गायब था l शहरी लड़के ने औरत से कहा तुम्हारा पर्स बाबा के पास है, पर औरत ने उसका यकीन नहीं किया l लड़के ने बाबा को रोज़-रोज़ देखा,कभी वह लोगों को बेहोश करके उनके गहने लूट लेता तो कभी वह उलटे सीधे उपाय बता कर पैसे ठग लेता l एक दिन उस लड़के ने शहर से एक आधुनिक कैमरा मंगवाया और उस पेड़ के पास छुपा दिया l अगले दिन उसने लोगों को बुलाकर वह वीडियो दिखाई l उस वीडियो में बाबा अपने लुटे हुए सामान को छुपा रहा था l लोगों ने वीडियो पर यकीन नहीं किया l उन्होंने कहा हमारे भगवान समान बाबा ऐसा नहीं कर सकते,तभी लड़के ने अपना आखिरी दॉव चला l उनसे बाबा के बनाये गढ्डे को खोद कर दिखाया l तब जाकर लोगों ने अपनी चीजे देखकर उसका यकीन किया,तभी बाबा रामनाथ ने भागने की कोशिश की, तो उस लड़के ने पुलिस को बुलाकर बाबा को गिफ्तार करवा दिया l इस तरह से लोगों का अंधविश्वास उस लड़के ने दूर किया l हमें इस कहानी से यह शिक्षा मिलती है कि -----
हमें किसी के साथ धोखा नहीं करना चाहिए l

पुलकित शर्मा , कक्षा-सप्तम 'अ'

कुछ महत्वपूर्ण बाते

१. सुबह ऊठ कर अगर आप भगवान को नमस्कार करना, भूल भी जाओ तो अपने माता पिता के पैर छू कर नमस्कार करना कभी मत भूलना l
२. हमेशा अपने बड़े भाई- बहन की इज्जत करें और उनकी सारी बातें माने l
३. हमेशा अपने गुरु की इज्जत करना और उनकी सारी बातें सुनना और सदा उनका आदर और सम्मान करना चाहिए l
४. दोस्ती कारण तो सिर्फ अपने माता – पिता, भाई-बहन और विद्या से क्योंकि ये सभी हमें सही रास्ता और सही सलाह देते हैं और हमेशा हमारे सहायक होते हैं l
५. अगर आप कभी भी किसी कार्य से कहीं जा रहें हैं तो रास्ते में मंदिर मिले और आप हाथ जोड़कर प्रणाम करना भूल जाए तो कोई बात नही परन्तु अगर आपको रास्ते में एम्बुलेन्स मिले तो हाथ जोड़कर भगवान से यह प्रार्थना जरुर करना की वह व्यक्ति ठीक हो जाये l आपमें से किसी की दुआ से शायद वह व्यक्ति ठीक हो जाये l
६. कभी भी आप लोग किसी की भावना से मजाक मत करना क्योंकि ऐसा मजाक सीधे दिल पर लगता है l
७. जिन लोगों ने हमारी खातिर अपना सब घर-भार सब कुछ त्याग दिया जैसे – शहीद भगत सिंह, राज गुरु, सुखदेव, चंद्रशेखर आजाद, सुभाष चन्द्र बोस, हमें इन को भी याद रखना चाहिए l इन लोगों हमें अपने दिल में बसा लेना चाहिए हम सब इनको मिलकर सत्-सत् नमन करते हैं l

नाम :- अभिषेक मालिक
कक्षा :- बारहवीं 'स'

होली का पैगाम

होली खुशियों का है पर्व
होता हमको इस पर गर्व l
मिलजुल कर रहना सीखो
ये है होली सन्दर्भ l
भाईचारे का गुणगान
खुशियाँ फैली चारों धाम l
अब ना लड़ेंगें,मिल के रहेंगे
होली में सब झूम उठे
कौन कन्हैया, कौन जमाल |
ढोल,मजीरा और मृदंग
अनुपम होली का हुडदंग |
बूढ़े, बालक और जवान
झूमे, गाएं सब मिल संग |
होली भारत का अभिमान
इसमें जीवन के सुर-ताल |
आओं, मिल खेले होली
होली भारत की शान ,
होली ही भारत की पहचान |

नाम – अविका , कक्षा – छठी – स

ए.पी.जे अब्दुल कलम

देश का सच्चा सपूत था वो,
जात-पात से परे नेक बंदा था वो,
फकीराना जिंदगी जीकर जिसने,
देश को ताकतवर बनाया |
सबसे चहिता राष्ट्रपति कहलाकर,
दिलो में अपनी जगह बनायीं,
नम आँखों को छोड़ वो,
अनगिनत यादो में बस गया|
मिसाइल मैन कहलाने वाला
अलविदा दोस्तों कह गया |

पिता

माँ घर का गौरव पिता घर का अस्तित्व होता है|
माँ के पास अश्रुधारा तो पिता के पास संयम होता है |
दोनों समय का भोजन माँ बनाती है तो जीवन भर भोजन की व्यवस्था करने वाले पिता को हम सहज भूल जाते हैं |
कभी लगी ठोकर या चोट तो "ओ माँ" ही मुंह से निकलता है |
लेकिन रास्ता पार करते कोई ट्रक पास आकार ब्रेक लगाये तो "बाप रे" यही मुंह से निकलता है |
क्योंकि छोटे- छोटे संकटों के लिए मान है पर बड़े संकट आने पर पिता ही याद आते हैं |
पिता एक वट वृक्ष हैं जिसकी शीतल छाँव में सम्पूर्ण परिवार सुख में रहता है|

नाम:- हिमांशी शर्मा
कक्षा:- नवी 'स'

तितली

हरी दाल पर लगी हुई थी,
नन्ही सुंदर एक कली,
तितली उससे आकार बोली,
तुम लगती हो बड़ी भली |
अब जागो तुम आँखे खोलो,
और हमारे संग खेलो,
फैले सुंदर महक तुम्हारी,
महके सारी गली-गली |
कली छिटक कर खिली रंगीली,
तुरंत खेल की सुंदर बात,
साथ हवा के लगी भागने,
तितली छूने उसे चली |

नाम:- जसप्रीत कौर
कक्षा :- छटी 'ब'

मेरी माँ

जीवन दाता होती है माँ,
खुद से ज्यादा हमको चाहती है माँ,
हमको दिल में बसाकर रखती है माँ,
जीवन की हर खुशी देती है माँ |
अपने हाथों से खाना खिलाती,
अपनी बातों से फुसलाया करती,
सुख चैन सब अपना छोड़कर,
हमारी चिता में गुम हो जाती है माँ |
जिंदगी की राह दिखाती है माँ,
दो लफ्जों में अपना प्यार बयां कर जाती माँ,
जिंदगी के हर पड़ाव में साथ निभाती है माँ,
किस्मत वालों की होती है माँ |
दुआ मांगनी है यदि किसी के लिए,
तो मांगो उस माँ के लिए,
जिसने हमको चलना सिखाया,
हमें काबिल और स्वावलंबी बनाया |
कठिनाइयों से जूझकर,
पैदा किया है उस माँ ने हमें,
सुन-सुन के ताने लोगों के,
बचाया करती थी हमें,
सलामी के लायक है ये माँ,
प्रेरणादायक होती है एक माँ |

नाम:- हिमांशी शर्मा
कक्षा:- नवी 'स'

माँ

रेंगते- रेंगते घुटनों से,
हुआ पैरों पर कब खड़ा,
तेरी ममता की छाँव में,
जाने कब बड़ा हुआ?
काला टीका, दूध मलाई,
आज भी सब कुछ वैसा ही है |
मैं ही मैं हूँ हर जगह,
प्यार ये तेरा कैसा है |
कितना भी हो जाऊं बड़ा,
"माँ"! मैं आज भी तेरा बच्चा हूँ |

नाम:- अवि चौधरी
कक्षा:- सातवीं 'अ'

सुविचार

१. इकलौता तरीका महान काम करने का ये है कि आप अपने कार्य से प्यार करें |
२. जब सब कुछ आपके विरुद्ध हो जाये, तब ये याद रखिये की हवाई जहाज हवा के विरुद्ध ही उड़ान भरता है |
३. या तो आप अपने सपने पूरे कीजिए या कोई और आपसे उसके सपने पूरा करवाएगा |
४. सफल लोग हमेशा दूसरों की मदद के लिए अवसर तलाशतें हैं और वहीँ 'असफल' लोग कहतें हैं, 'इससे भला मेरा क्या फायदा' |
५. इन्तजार करना बंद करो, क्योंकि सही समय कभी नहीं आता |
६. अच्छी जिंदगी जीने के दो ही तरीके हैं, जो पसंद है उसे हासिल कर लो, जो हासिल है उसे पसंद करना सीख लो |
७. क्रोध सागर की तरह बहरा, अग्नि की तरह उतावला होता है, क्रोध बड़ा जालिम है |
८. कभी भी सफाई न दें, आपके दोस्तों को इसकी आवश्यकता नहीं है और दुश्मनों को विश्वास नहीं होगा |
९. उत्तम शिक्षा कीड़े से भी मिले तो लेने में संकोच नहीं करना चाहिए |

नाम:- कनिका स्वरुप
कक्षा:- बारहवीं 'D'

कर भला तो हो भला

एक नगर में एक व्यापारी रहता था | व्यापारी का नाम उपेन्द्र था | उपेन्द्र कपडे का व्यापार करता था| वह बुरा आदमी तो न था, पर अपने व्यापार में चतुराई से काम लिया करता था | उपेन्द्र प्रतिदिन सवेरे मंदिर में जाकर भगवान की मूर्ति का दर्शन किया करता था| जाड़ा हो, गर्मी हो, बरसात हो, उपेन्द्र सवेरे मंदिर अवश्य जाया करता करता था| जाड़े के दिन थे, सवेरे के समय उपेन्द्र भगवन की मूर्ति के दर्शन करके मंदिर की सीढियों से नीचे उतर रहा था| सबसे निचली सीडी के पास एक वृद्ध भिखारी ने उपेन्द्र के सामने हाथ फैला कर कहा- " कर भला, तो हो भला"! उपेन्द्र खड़ा होकर सोचने लगा, " कर भला, तो हो भला" | जो अच्छा काम करता है, दूसरों की भलाई करता है, उसका भी भला होता है| उस दिन उपेन्द्र का इनकम टैक्स का मुकदमा था| उसे लगता था मुकदमें का फैसला उसके पक्ष में न होगा| उसने सोचते-सोचते वृद्ध भिखारी के हाथ में दस पैसे रख दिए वृद्ध भिखरी ने उपेन्द्र की ओर देखते-देखते कहा, "कर भला" | उपेन्द्र चला गया | वह खा-पीकर समय पर न्यायालय पहुंचा | वह मन-ही-मन डर रहा था, कहीं ऐसा न हो फैसला उसके विरुद्ध हो, उसे जुर्माने की सजा भोगनी पड़े| पर जब मुकदमा शुरू हुआ तो सब कुछ सुनने के बाद हाकिम ने फैसला उपेन्द्र के पक्ष में सुनाया | उपेंद प्रसन्न हो उठा | उस दिन से उसकी 'कर भला , तो हो भला' में अधिक आस्था हो गयी | वह बात – बात पर कहने लगा कर भला तो हो भला | केवल कहने ही नहीं लगा, व्यव्हार में भी लाने लगा |

नाम:- परमजीत सिंह
कक्षा:- सातवीं 'अ'

स्वच्छ भारत

अपने घर को दिवाली पर रंगों से सजवाते हो,
जिस धरती पर जनम लिया है गंदगी वहीँ फैलाते हो |
सोच बदले देश बदले सोना इसे बनाने को,
चलो साथियों निकले अब भारत को स्वच्छ बनाने को |
मोदी जी ने कमर कसी है उसकी तो तैयारी है,
राजा आज हो गए आगे अब प्रजा की बारी है |
मात्र भूमि को जन्नत करने और सुन्दर करने,
चलो साथियों निकले अब भारत को स्वच्छ बनाने को |
नाम:- प्रशांत भाटी
कक्षा:- छटी 'स'

फौजी की महानता

- हर डॉक्टर चाहता है की हर व्यक्ति मरीज हो |
- हर वकील चाहता है की हर व्यक्ति मुजरिम हो |
- हर पुलिसवाला चाहता है कि हर व्यक्ति गुनहगार हो |
- हर नेता चाहता है की हर व्यक्ति भोला-भाला हो |
- हर पंडित चाहता है कि हर व्यक्ति टोटके और अन्धविश्वास में खोया रहे|
- हर तांत्रिक चाहता है कि हर व्यक्ति भूत प्रेतों में विश्वास करे |
- लेकिन एक फौजी ऐसा व्यक्ति है जो चाहता है की हर व्यक्ति अपने घर में सुख और शांति से रहे और अपने परिवार के साथ खुश रहे |

जय हिंद जय भारत

नाम:- अभिषेक मालिक
कक्षा:- ग्यारहवीं 'स'

पिता

पिता जीवन है, संबल है शक्ति है,
पिता सृष्टि के निर्माण की अभिव्यक्ति है,
पिता ऊँगली पकड़े बच्चे का सहारा है,
पिता कभी कुछ खट्टा खारा है |
पिता पालन है, पोषण है, परिवार का अनुसाशन है,
पिता धौंस से चलने वाले प्रेम का प्रकाशन है ,
पिता रोटी है, कपड़ा है, मकान है,
पिता छोटे से परिंदे का आसमान है |
पिता अपनी इच्छाओं का धन और परिवार की पूर्ति है,
पिता रक्त में दिए हुए संस्कारों की मूर्ति है,
पिता एक जीवन का दान है,
पिता दुनिया दिखाने का एहसान है|
विश्व में किसी भी देवता का स्थान दूजा है,
माँ-बाप की सेवा ही सबसे बड़ी पूजा है,
विश्व में किसी भी तीर्थ की यात्राएं व्यर्थ हैं,
यदि बेटों के होते माँ-बाप असमर्थ हैं|

स्वच्छता अभियान

मैं नहीं तू, तू नहीं मैं,
सदा ही करते तू-तू मैं-मैं|
करो कभी कोई अच्छा काम,
देश की धरती पर है, सबका अधिकार,
फिर क्यों है इसकी सफाई से इंकार|
नहीं है कोई बहुत बड़ा उपकार,
बस करना है जीवन में बदलाव |
शहर को मानकर घर अपना,
निर्मल स्वच्छ है उसे भी रखना|
कूड़े दान में फेंको कूड़ा,
हर जगह न फेंको कूड़ा |
थूकने को नहीं है धरती मैय्या,
बदलो अपनी आदत भैय्या |
न करो किसी पड़ोसी का इन्तजार,
देश है अपना बढाओ स्वच्छता अभियान |

नाम:- वंशिका चौधरी
कक्षा:- सप्तम 'ब'

वो खुशनसीब हैं, माँ-बाप जिसके साथ होते हैं,बच्चे,
माँ-बाप के आशीषों के हजारों हाथ होतें हैं, बच्चे|

नाम:- सोनम लोहिया
कक्षा:- आठवीं 'ब'

वृक्ष बचाओ

आओ हम सब वृक्ष लगाएं,
इस धरती को स्वर्ग बनायें |
अधिकाधिक वृक्ष लगाएंगे,
तो पर्यावरण शुद्ध बनायेंगे|
वृक्षों में भी जीवन होता,
मानव को हर चीज(समान) है देते|

फल, फूल, लकड़ी हैं देते,
वृक्षों से औषधि है मिलती |
वर्ष काट जंगल कम करता,
परोपकार नर जाता भूल |
अगर वृक्ष लगाओगे तो हरियाली पाओगे,
वृक्ष काट देगा मानुष तो हरियाली मिट जायेगी|
इस धरती पर प्यारे बच्चों जीवन वायु को लाना है,
वृक्ष लगाओ, वृक्ष न काटो धरा को स्वर्ग बनाना है |
इस प्रकृति की रक्षा करना यह संकल्प हमारा है,
प्रकर्ति के निर्माणकर्ता को नत मस्तक हमारा है |
नाम:- सुरभी गौतम
कक्षा:- सातवीं 'अ'

माँ

जिसने मुझको जन्म दिया,
पाल पोसकर बड़ा किया|
दु:खो को हंसकर सदा-सहा,
सच्चा प्यार मुझे दिया|
मेरे दिल में उस माँ को,
सबसे ऊंचा स्थान रहे|
मेरा मन प्रभु सबसे पहले,
उस माँ का सम्मान करे|
उसके चरणों के धुल सदा,
मेरे माथे पर सजी रहे|
पल दो पल का यह जीवन,
सेवा में उसकी लगा रहे|
पथ यदि भटकू तो,
रहा मुझे तुम दिखलाना|

मान लीजिए आप

